समाचार

काउंसिल आफ मेयर की बैठक में शामिल हुए महापौर

कोरबा 14 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद रायपुर में आयोजित काउंसिल आफ मेयर की बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ मेयर के चेयरपर्सन सर्वसम्मति से चुने गए। बैठक में उपस्थित महापौरों ने अपने–अपने नगरीय निकायों की विकास योजनाओं तथा नगर की समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया।

राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस कांफ्रेस हाल में आज छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ मेयर के एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के सात महापौरों ने शिरकत की। बैठक में भाग लेने वाले महापौरों में कोरबा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के साथ ही रायपुर महापौर श्री एजाज ढेबर, श्री रामशरण यादव, श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, श्री विजय देवांगन, श्रीमती कंचन विनय जायसवाल एवं श्रीमती जानकी काटजू आदि शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से रायपुर महापौर श्री एजाज ढेबर को काउंसिल आफ मेयर का चेयरपर्सन चुना गया। श्री एजाज ढेबर ने सभी साथी महापौरों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार माना। श्री ढेबर ने 15 वित्त आयोग द्वारा निगमों को विकास कार्यो हेतु जारी राशि एवं आयोग की गाईड लाईन की जानकारी दी, इसके साथ ही शासन द्वारा निगमों को विभिन्न मदों में जारी की जाने वाली राशि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित सभी महापौरों ने अपने–अपने नगरीय निकाय क्षेत्रों की विकास योजनाओं, विभिन्न समस्याओं तथा नगर विकास हेतु सुझावों के साथ–साथ निकायों की वर्तमान स्थिति पर गहन रूप से चर्चा की, चूंकि नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव डहरिया प्रदेश के बाहर दौरे पर हैं, अतः उनसे मुलाकात नहीं हो पायी। बैठक में योजनाओं व समस्याओं पर एक समुचित मांग एवं विभिन्न सुझावों से संबंधित पत्र तैयार किया गया है, जिसे आगामी दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव डहरिया के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही काउंसिल आफ मेयर की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित किए जाने का निर्णय भी लिया गया।